दिनांक 23-02-2018 को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ में जिला रोजगार कार्यालय, फरीदाबाद और यूथ एम्प्लॉयबिलिटी सर्विस सेंटर के सहयोग से महारोजगार मेले का आयोजन किया गया । जिसमें लगभग 18 निजी संस्थाओं (नवभारत, फोनिक्स, इफेक्टिव पावर, साही एक्सपर्ट आदि) ने भाग लिया । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता के कर कमलों द्वारा इस रोजगार मेले का उद्घाटन किया गया । इस अवसर पर मंडल रोजगार अधिकारी श्री सुरेंदर सिंह मोर, जिला रोजगार अधिकारी श्रीमती सुनीता यादव, सहायक रोजगार अधिकारी श्री मनोज एवं श्याम सुन्दर रावत उपस्थित थे । इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य ने सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु समय समय पर महाविद्यालय परिसर में अनेक रोजगार मेले आयोजित किये जाते हैं । जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर प्राप्त कराना है ।

इस रोजगार मेले में 440 विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन कराया गया । जिसमें से 230 छात्र तथा 210 छात्राएं थी । इस मेले में विभिन्न संस्थाओं में लगभग 600 वेकन्सी थीं । जिसमें विद्यार्थियों के साक्षात्कार के द्वारा लगभग 197 विद्यार्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया जिसमें 13 विद्यार्थियों का चयन हुआ ।

इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ० पूनम आनंद, श्रीमती किरण आनंद, डॉ० शिल्पा गोयल और डॉ शोभना गोयल की देख रेख में सफलता पूर्वक किया गया ।